Seventeenth Loksabha

an>

Title : Need to construct Dallirajhara-Jagdalpur-Rowghat Railway Line in Chhattisgarh- Laid.

श्री दीपक बैज (बस्तर): दल्लीराजहरा-जगदलपुर-रावघाट रेल लाइन निर्माण की मांग कई दशक पुरानी है। इस परियोजना के निर्माण की सैद्धांतिक स्वीकृति 1993 में योजना आयोग से मिली। 2011 में इस रेल खण्ड का निर्माण प्रारंभ हुआ, इसके बनने से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से जिला बस्तर के अंतर्गत नारायणपुर, कोंडागांव एवं जगदलपुर सहित विभिन्न कस्बे सीधे जुड जाएंगे, इससे लाखों लोगों को जगदलपुर से रायपुर आवागमन में मात्र 3 से 4 घंटे लगेंगे।

इस रेल खण्ड के निर्माण के अभाव में रायपुर पहुंचने के लिए यात्रियों को वाया विशाखपटनम् या झरसूगुडा होते हुए रायपुर पहुंचने में 15 से 16 घंटे लगते हैं जबकि यही दूरी बस द्वारा 4 से 5 घंटे में पूरी हो जाती है और उक्त रेल खण्ड बनने पर ट्रेन से यात्रा करने पर रायपुर पहुंचने में 3 से 4 घंटे ही लगेंगे। खेद की बात है कि इस परियोजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है, यह अत्यंत चिंता की बात है।

केन्द्र सरकार से मेरी मांग है कि अविलम्ब दल्लीराजहरा-जगदलपुर-रावघाट रेल लाइन निर्माण पूर्ण कराया जाए जिससे स्थानीय नागरिक रेल मार्ग से रायपुर कम समय में पहुंच सकें।